कार्यालय नगरपालिका, नारायणगढ़

E-mail : secy-naraingarh@ulbharyana.gov.in Ph. No. 01734.284229. 285229

जिला नगर आयुक्त अम्बाला (डीएमसी) सचिन गुप्ता ने नारायणगढ़ में बैठक लेकर पार्षदों की समस्याओं को सुना और नगरपालिका नारायणगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यो एवं सफाई व्यवस्था के बारे में पालिका अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

नारायणगढ़, 5 फरवरी। जिला नगर आयुक्त अम्बाला (डीएमसी) सचिन गुप्ता ने आज कान्फ्रैंस हॉल (एसडीएम कार्यालय) नारायणगढ़ में नगरपालिका पार्षदों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना और नगरपालिका नारायणगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यो एवं सफाई व्यवस्था के बारे में पालिका अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम शाश्वत् सांगवान, नगरपालिका प्रधान रिंकी वालिया, उपप्रधान आईना गुप्ता, सचिव मोहित कुमार, एमई हरीश शर्मा, लेखाकार अश्वनी, जेई गुरजीत तथा सफाई निरीक्षक विनोद बैनीवाल सहित पार्षद और पार्षद प्रतिनिधी मौजूद रहे।

बैठक में पार्षदों की समस्याएं सुनने के दौरान डीएमसी सचिन गुप्ता ने कहा कि शहर वैसा बनेगा जैसा हम चाहते है। उन्होंने कहा कि नारायणगढ एक मॉडल शहर बने, इसको ध्यान में रख कर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका का सबसे महत्वपूर्ण कार्य साफ-सफाई का है और इसमें किसी भी प्रकार की कौताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर के टैण्डर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए तथा बड़ी व छोटी स्वीपिंग मशीन नगरपालिका द्वारा खरीदी जाएं। उन्होने कहा कि एजैंसी द्वारा नाईट स्वीपिंग का कार्य जिस क्षेत्र में हो रहा है वहां के नागरिकों से लिखित में जानकारी ली जाए कि क्या वे सफाई कार्य से संतुष्ट है, उसके बाद ही सम्बंधित एजैंसी को पैमेंट की जाए।

उन्होंने कहा कि नगरपालिका के सभी 15 वाडों में 9 फरवरी तक सी एण्ड डी वेस्ट उठाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके लिए वार्ड अनुसार समय निर्धारित कर ट्रैक्टर ट्राली लगाई जाए और पार्षदों को भी इस बारे में पहले जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ शहर स्वच्छ बने और मॉडल शहर के तौर पर विकसित हो इसके लिए नगरपालिका प्रोजैक्ट बनाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट निर्देश दिये है कि विकास कार्यो के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

डीएमसी सचिन गुप्ता ने नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरपालिका की जमीन की निशानदेही करवा कर उस पर चार दिवारी/तारबंदी की जाए। शहर में स्थित सभी पार्को के सौन्दर्यकरण तथा विकसित करने के लिए प्रपोजल तैयार करें और मॉडल पार्क बनाये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो को सही प्रकार से नहीं करने वाली एजैंसी/ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि 10 मार्च तक शहर में स्थित सभी स्ट्रीट लाईट एलईडी लाईट लग जानी चाहिए, इस बारे में भी टैण्डर सम्बंधी कार्यवाहीं जल्द पूरी करें। जो स्ट्रीट लाईट खराब हो चुकी है उन्हें रिपलैश करवाये। उन्होंने कहा कि बेसहारा गोवंश को गौशाला में पहुंचाया जाए तथा गोशाला में नंदियों को रखने के लिए अलग से शैड बनवाने सम्बंधित कार्यवाही नगरपालिका करें। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बारे में नगरपालिका अधिकारी/कर्मचारी तथा पार्षद लोगों को जानकारी दें, कि जो कोई भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता पाया जाएगा उसका चालान किया जाएगा। जिसका चालान किया जाए उसे 10 बैग कपड़े के दिये जाए जिससे कि वह उसको प्रयोग में लाए। उन्होंने स्ट्रीट डोग तथा बंदरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए भी नियमानुसार उचित कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सडक़ों एवं नालियों के निर्माण के टैण्डर सम्बंधी प्रक्रिया भी जल्द से जल्द पूरी की जाए।